# Sova Assessment Limited गोपनीयता नोटिस (उम्मीदवार)

Sova Assessment Limited (**Sova Assessment साधन)** द्वारा प्रदान किए जाने वाले ऑनलाइन मूल्यांकन के साधन और संबंधी सेवाओं में निजी डेटा और अन्य जानकारी अपलोड करने वाले सभी उम्मीदवारों और व्यक्तियों के हितलाभ हेतु इस गोपनीयता नोटिस को उपलब्ध करवाया गया है। Sova Assessment साधनों को उस नियोक्ता, भावी नियोक्ता या अन्य क्लाइंट संगठन की ओर से प्रदान किया जाता है जिन्होंने अपने विशेष भर्ती कैम्पेन या इसी समान किसी योजना के एक हिस्से के तौर पर Sova Assessment साधनों (**क्लाइंट संगठन**) का उपयोग करने का निर्णय लिया है।

इस गोपनीयता नोटिस के उद्देश्य हेतु, उम्मीदवार या व्यक्ति का मतलब किसी भी ऐसे व्यक्ति से है जो या तो क्लाइंट संगठन के पास नियोजन खोज रहा है; या वह एक भर्ती या विकास कैम्पेन, या इसी समान किसी प्रक्रिया से गुज़र रहा है।

**डेटा सुरक्षा कानून** का मतलब है यूके जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेग्युलेशन (UK GDPR), डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2018 (DPA 2018), गोपनीयता और इलेक्ट्रॉनिक संचार (EC निर्देश) रेग्युलेशंस 2003 (PECR) और सभी अन्य लागू होने वाले यूके डेटा सुरक्षा कानून जो समय-समय पर प्रयोज्य होते हैं और साथ ही (जहाँ क्लाइंट संगठन EU में अवस्थित हो) EU जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेग्युलेशन (EU GDPR) 2016/679) और सभी अन्य EU डेटा सुरक्षा कानून जो समय-समय पर प्रयोज्य होते हैं।

UK GDPR वाकई EU GDPR से काफ़ी हद तक मिलता-जुलता है। इस प्रक्रिया में जहाँ सिर्फ़ “GDPR” का उल्लेख किया गया है वहाँ उसका मतलब दोनों “UK GDPR” और “EU GDPR” से है।

## 1. परिचय

Sova Assessment पूर्ण रूप से सभी मौजूदा डेटा सुरक्षा कानूनों का अनुपालन करने के प्रति प्रतिबद्ध है और इसलिए वह आपकी गोपनीयता को सुरक्षित रखने के प्रति भी प्रतिबद्ध है। इस गोपनीयता नोटिस में उल्लेख किया गया है कि हम किस प्रकार से डेटा को प्रोसेस (प्रक्रमित) करते हैं और इसके अंतर्गत निम्नलिखित विषय शामिल हैं:

- डेटा सुरक्षा कानून के उद्देश्य हेतु, हमारी स्थिति।
- इसका दायरा और कौन-कौन निजी डेटा के संदर्भ में इस नोटिस के अंतर्गत आते हैं।
- हम कौन हैं और किससे संपर्क करें।



© SOVA 2020

- हम आपके बारे में किस निजी डेटा को संग्रह करते और सहेजते हैं।
- हम इस डेटा को कैसे संग्रह करते हैं।
- हम निजी डेटा को कैसे संग्रह और उपयोग करते हैं।
- आपके निजी डेटा को प्रोसेस करने के लिए हमारे कानूनी आधार।
- तृतीय पक्षों को स्थानांतरित करने और अंतर्राष्ट्रीय स्थानांतरण के बारे में जानकारी।
- डेटा का विषय होने के नाते आपके अधिकार।

## 2. हम हमारे क्लाइंट संगठन की ओर से एक डेटा प्रोसेसर के तौर पर काम करते हैं

डेटा सुरक्षा कानून के उद्देश्य हेतु, उम्मीदवार के निजी डेटा को प्रोसेस करने के मामले में Sova Assessment एक डेटा प्रोसेसर के तौर पर काम करता है। इसका यह मतलब है कि जिस क्लाइंट संगठन (यानी कि, आप जिस नियोक्ता या भावी नियोक्ता से जुड़े हैं) ने Sova Assessment के साधनों का उपयोग करने का निर्णय लिया है उसके निर्देश पर Sova आपके निजी डेटा को प्रोसेस करता है।

डेटा सुरक्षा कानून के उद्देश्य हेतु क्लाइंट संगठन ही डेटा नियंत्रक है। क्लाइंट संगठन द्वारा आपके निजी डेटा के संग्रहण और प्रोसेसिंग के बारे में अतिरिक्त जानकारी क्लाइंट संगठन की गोपनीयता नोटिस में शामिल होगी।

## 3. दायरा

इस गोपनीयता के नोटिस को उन सभी उम्मीदवारों के हितलाभ हेतु प्रदान किया गया है जिनके निजी डेटा को उस समय संग्रह किया जाता है जब वे Sova Assessment साधनों में खुद अपना डेटा इनपुट करते हैं, और जिसके तद्पश्चात ऑनलाइन मूल्यांकन को पूरा करने के बाद एवं/अथवा किसी प्रकार की भर्ती या विकास प्रक्रिया या इसी समान किसी प्रक्रिया में शामिलगिरी के संपन्न होने के बाद उन्हें फीडबैक प्रदान किया जाता है। इसके दायरे के अंतर्गत वह सभी उम्मीदवार भी शामिल हैं जिनके निजी डेटा को क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता या भावी नियोक्ता जिससे आप जुड़े हैं) द्वारा संग्रह किया जाता है और जिसे डेटा सुरक्षा कानून की आवश्यकताओं को मद्देनज़र रखते हुए हमें प्रदान किया जाता है।



© SOVA 2020

## 4. हम कौन हैं और किससे संपर्क करें

### 4.1 हम कौन हैं

हम Sova Assessment लिमिटेड हैं, एक कंपनी जो इंग्लैंड में पंजीकृत है और जिसका पंजीकृत कार्यालय Sterling House, 19/23 High Street, Kidlington, Oxfordshire, England, OX5 2DH में स्थित है।
Sova Assessment Limited का यूरोपीय कार्यालय इस पते पर स्थित है Suite 2241, 26 Upper Pembroke Street, Dublin 2
हम ऑनलाइन मूल्यांकन विशेषज्ञ हैं जिनका उद्देश्य है नियोक्ताओं को सटीक और सुविज्ञ निर्णय लेने में मदद करना; और सुनिश्चित करना कि मूल्यांकन सभी उम्मीदवारों को श्रेष्ठ संभव अनुभव प्रदान करे।

विभिन्न प्रकार के विशेष प्रशिक्षण उपायों के साथ-साथ हम डिजिटल मूल्यांकन उपाय, टैलेंट मैनेजमेंट कन्सल्टेंसी सेवाएं प्रदान करते हैं।

### 4.2 दायित्व

Sova Assessment में हमारा एक डेटा सुरक्षा प्रबंधक है जिस पर यह दायित्व है कि हमारे व्यवसाय के दायरे में वह सुनिश्चित करे कि Sova Assessment द्वारा निजी डेटा को संग्रह/प्रोसेस किए जाने से पहले उम्मीदवारों के लिए यह नोटिस उपलब्ध करवाया जाए।

निम्नलिखित माध्यम से हमारे डेटा सुरक्षा प्रबंधक से सीधे संपर्क किया जा सकता है (हालांकि हम इस बात की सलाह देते हैं कि अगर आपके निजी डेटा के बारे में आपके कोई सवाल हों तो आपको पहले, क्लाइंट संगठन से संपर्क करना चाहिए – क्योंकि वे डेटा नियंत्रक – हैं):

- compliance@sovaassessment.com
- 0207 947 4330

Sova Assessment ने अपने डेटा सुरक्षा अधिकारी (डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसर) (DPO) के तौर पर GRCI Law की संविदागत सेवाओं को नियुक्त किया है। तदनुसार, जहाँ आवश्यक हो वहाँ Sova Assessment, DPO से सलाह, मार्गदर्शन और इनपुट लेगा।

## 5. हम कौनसा निजी डेटा प्रोसेस करते हैं

आपके द्वारा Sova Assessment साधन उपयोग करने पर हम Sova क्लाइंट की ओर से जिस निजी डेटा को प्रोसेस करते हैं वह नीचे सूचीबद्ध हैं:

| **निजी डेटा का प्रकार:** | **स्त्रोत:** |
| --- | --- |



© SOVA 2020

| | |
|---|---|
| नाम और ईमेल पता | आप – आप एक ऑनलाइन मूल्यांकन पूरा करते हैं, और जहाँ ऑनलाइन मूल्यांकन के संपन्न होने पर एवं/अथवा किसी प्रकार की भर्ती या विकास प्रक्रिया, या इसी समान किसी परियोजना में आपकी शामिलगिरी पूरी होने पर आपको फीडबैक प्रदान किया जाता है।<br><br>क्लाइंट संगठन (आप जिस नियोक्ता/भावी नियोक्ता से जुड़े हैं) से भी डेटा संग्रह किया जा सकता है |
| यूजरनेम या समान पहचानकर्ता | इसे हमारे ऑनलाइन मूल्यांकन प्लेटफॉर्म के द्वारा स्वचालित रूप से जनित किया जाता है |
| संपर्क नंबर | आप – एक ऑनलाइन मूल्यांकन को पूरा करने के बाद जहाँ आपको फीडबैक प्रदान किया जाता है।<br><br>डेटा को क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) के द्वारा भी संग्रह किया जा सकता है |
| उम्र | आप – जब आप एक ऑनलाइन मूल्यांकन पूरा करते हैं, जहाँ ऑनलाइन मूल्यांकन के संपन्न होने क बाद एवं/अथवा किसी प्रकार की भर्ती या विकास की प्रक्रिया या समान परियोजना में आपकी शामिलगिरी के बाद आपको फीडबैक प्रदान किया जाता है।<br><br>डेटा को क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) के द्वारा भी संग्रह किया जा सकता है |
| आपकी तस्वीर | किसी प्रकार की भर्ती या विकास प्रक्रिया; या इसी समान किसी परियोजना में हिस्सा लेने के समय क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) शायद आपको यह प्रदान करने को कह सकता है। |



© SOVA 2020

| | |
|---|---|
| वीडियो इंटरव्यू | भर्ती एवं/अथवा विकास प्रक्रिया; या इसी समान किसी परियोजना में हिस्सा लेने के समय आपको इसमें हिस्सा लेने को कहा जा सकता है। |
| सीवी में संगृहीत और प्रविष्ट जानकारी | किसी प्रकार की भर्ती या विकास प्रक्रिया; या इसी समान किसी परियोजना में आपकी शामिलगिरी होने पर क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) आपसे शायद यह मांग सकता है। |
| आपकी किसी दिव्यांगता की जानकारी | आप – जब आप एक ऑनलाइन मूल्यांकन पूरा करते हैं, एवं/अथवा जहाँ आप किसी प्रकार की भर्ती या विकास प्रक्रिया, या इसी समान किसी परियोजना में हिस्सा लेते हैं।<br><br>क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) प्रत्यक्ष रूप से भी डेटा को संग्रह कर सकता है |
| आपके शैक्षिक और नियोजन इतिहास का विवरण | आप – जब आप किसी प्रकार की भर्ती या विकास प्रक्रिया, या इसी समान किसी परियोजना में हिस्सा लेते हैं। क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) के द्वारा भी डेटा संग्रह किया जा सकता है |
| IP पता | आप – जहाँ आप किसी प्रकार की भर्ती या विकास प्रक्रिया, या इसी समान किसी परियोजना में हिस्सा लेते हैं। |

## 6. हमारे द्वारा आपके निजी डेटा का प्रक्रमण (प्रोसेसिंग)

हम उस क्लाइंट संगठन की ओर से आपके निजी डेटा को प्रोसेस करते हैं जिन्होंने निम्नलिखित उद्देश्य हेतु Sova Assessment साधनों (और संबंधित सेवाओं) का उपयोग करने का आदेश दिया है:



© SOVA 2020

| निजी डेटा का प्रकार | उद्देश्य: |
|---|---|
| नाम, ईमेल पता, टेलीफोन नंबर और यूजरनेम या इसी समान का कोई पहचानकर्ता | आप तक एक कंप्यूटर जनित आमंत्रण पहुँचाने के लिए, जिसके ज़रिए आप ऑनलाइन मूल्यांकन को पूरा कर सकेंगे।<br><br>आपको एवं/अथवा क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) को मूल्यांकन का रिपोर्ट प्रदान करने के लिए जिसमें आपके मूल्यांकन के परिणामों को प्रस्तुत किया गया है।<br><br>जहाँ ऑनलाइन मूल्यांकन को पूरा करने के बाद फीडबैक प्रदान किया जाता है, वहाँ फीडबैक के सत्र को हमारे साथ संचालित किया जाएगा।<br><br>जहाँ आप किसी प्रकार की भर्ती या विकास प्रक्रिया; या इसी समान किसी परियोजना में हिस्सा लेते हैं, वहाँ उस प्रक्रिया के एक हिस्से के तौर पर नियोक्ता को सटीक और सुविज्ञ निर्णय लेने में मदद करना। |
| उम्र | हम इसे केवल शोध और विकास के उद्देश्य हेतु उपयोग करते हैं, और यह गुमनाम रहता है; ताकि साइकोमेट्रिक मानदंड और वैधता का डेटा प्रस्तुत किया जा सके एवं/अथवा इनकी सहायता से हमारे साइकोमेट्रिक नियमावलियां प्रस्तुत की जा सकें। |
| आपकी तस्वीर | ताकि इसकी सहायता से किसी प्रकार की भर्ती या विकास प्रक्रिया; या इसी समान किसी परियोजना में हिस्सा लेने के समय क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) आपको पहचान सके। |
| वीडियो इंटरव्यू | भर्ती एवं/अथवा विकास प्रक्रिया; या इसी समान किसी परियोजना के एक हिस्से के तौर पर |



© SOVA 2020

| | |
|---|---|
| | उपयोग करने के लिए ताकि इसकी सहायता से क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) सटीक और सुविज्ञ निर्णय ले सके। |
| सीवी में संगृहीत और प्रविष्ट जानकारी | भर्ती एवं/अथवा विकास प्रक्रिया; या इसी समान किसी परियोजना के एक हिस्से के तौर पर उपयोग करने के लिए ताकि इसकी मदद से क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) सटीक और सुविज्ञ निर्णय ले सके। |
| आपकी किसी दिव्यांगता की जानकारी | जहाँ आपकी यह आवश्यकता है कि कुछ उचित समायोजन किए जाएं ताकि आप ऑनलाइन मूल्यांकन को पूरा करने एवं/अथवा भर्ती या विकास प्रक्रिया; या इसी समान किसी परियोजना में हिस्सा लेने के लिए सक्षम हों। |
| आपके शैक्षिक और नियोजन इतिहास का विवरण | हम इसे केवल शोध और विकास के उद्देश्य हेतु उपयोग करते हैं, और यह गुमनाम रहता है; ताकि साइकोमेट्रिक मानदंड और वैधता का डेटा प्रस्तुत किया जा सके एवं/अथवा इनकी सहायता से हमारे साइकोमेट्रिक नियमावलियां प्रस्तुत की जा सकें। |
| आपका IP पता | ताकि हमारा प्लेटफॉर्म काम कर सके |

## 7. प्रोसेसिंग के लिए हमारा कानूनी आधार

हम आपके निजी डेटा को केवल उन्हीं निर्देशों के अनुसार प्रोसेस (प्रक्रमित) करते हैं जो क्लाइंट संगठन के साथ आपके अनुबंध में शामिल हैं। आपके डेटा को प्रोसेस करने के लिए हमारे कानूनी आधार क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) से आते हैं, और इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:



© SOVA 2020

## वैध हित

- हमारे ऑनलाइन साइकोमेट्रिक मूल्यांकनों और हमारे किन्हीं भी अन्य प्रोडक्ट्स और सेवाओं को प्रदान करने के लिए।
- ताकि इसकी मदद से हम क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) को सक्षम बनने में मदद करें जिससे वह अपनी भर्ती एवं/अथवा विकास के उद्देश्य हेतु सटीक और सुविज्ञ निर्णय ले सके।
- व्यक्ति के नाते आपको किन्हीं भी मूल्यांकन के परिणामों के बारे में फीडबैक प्रदान करने के लिए।
- हमारे रिकॉर्ड को अप टू डेट रखने के लिए।
- हमारे प्रोडक्ट्स और सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु शोध और विकास संचालित करने के लिए।

## अनुबंध का कार्यान्वयन

- अनुबंध के कार्यान्वयन को सक्षम बनाने के लिए (जैसे कि नियोजन का एक मौजूदा अनुबंध) या अनुबंध में प्रवेश करने से पहले उचित कदम उठाने के लिए (जैसे कि किसी नए भावी भर्ती के लिए नियोजन का भावी नया अनुबंध)।

## सहमति:

- डेटा के विशेष वर्गों की प्रोसेसिंग (जिसे हम केवल क्लाइंट संगठन के द्वारा कहे जाने पर ही प्रोसेस करते हैं)।

| **निजी डेटा का प्रकार:** | **प्रोसेस करने का कानूनी आधार:** |
| --- | --- |
| नाम और ईमेल पता | वैध हित<br><br>अनुबंध का कार्यान्वयन |
| यूजरनेम या कोई समान पहचानकर्ता | वैध हित |
| संपर्क नंबर | वैध हित |
| उम्र | वैध हित |



© SOVA 2020

| | |
|---|---|
| आपकी तस्वीर | वैध हित |
| वीडियो इंटरव्यू | वैध हित |
| सीवी में संग्रहीत और प्रविष्ट जानकारी | वैध हित |
| आपकी किसी दिव्यांगता की जानकारी | वैध हित |
| आपकी शिक्षा और नियोजन इतिहास का विवरण | वैध हित |
| आपका IP पता | वैध हित |

## 8. डेटा के विशेष वर्ग

हम क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) की ओर से केवल तभी विशेष वर्ग वाले डेटा को प्रोसेस करते हैं जब आपने ऐसा करने के लिए अपनी स्पष्ट सहमति दी हो। इस प्रकार के विशेष वर्ग वाले डेटा में केवल वही डेटा शामिल है जिसे आपने, यानी कि डेटा के विषय ने प्रदान किया है और इसे हमारे द्वारा केवल तभी प्रोसेस किया जाता है अगर क्लाइंट संगठन के भर्ती कैम्पेन या परियोजना के उद्देश्य हेतु Sova Assessment साधनों का उपयोग करने के समय आपने अपनी पूर्व स्पष्ट सहमति दी हो।

संबंधित विशेष वर्ग वाले निजी डेटा निम्नानुसार हैं:

| **निजी डेटा का प्रकार:** | **प्रोसेसिंग के लिए कानूनी आधार:** |
|---|---|
| राष्ट्रीयता<br>लिंग<br>जातीयता<br>जाति<br>इसके अलावा, कोई अधिकतर विशेष वर्ग का डेटा जो क्लाइंट संगठन (आप जिस नियोक्ता से संबंधित है) द्वारा अनुरोध किया जाता है | वैध हित<br>सहमति |



© SOVA 2020

## 9. सहमति

Sova Assessment को आपकी सहमति की आवश्यकता है ताकि वह उक्त विशेष वर्ग के डेटा को प्रोसेस कर सके। इस प्रकार की सहमति को क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) द्वारा उस समय प्राप्त किया जाता है जब आप किसी साधन में इस प्रकार की कोई जानकारी एंटर करने से पहले Sova Assessment के साधन का उपयोग करने के लिए अपनी सहमति देते हैं।

किसी भी समय क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हुए हैं) से संपर्क करके और उन्हें आपकी सहमति के वापस लिए जाने के बारे में सूचित करके आप हमारे द्वारा विशेष वर्ग के डेटा को प्रोसेस किए जाने के लिए अपनी सहमति वापस ले सकते हैं। आप क्लाइंट संगठन से किस तरह से संपर्क कर सकते हैं, उसकी जानकारी आपको क्लाइंट संगठन की गोपनीयता नोटिस में मिल सकती है।

## 10. खुलासा

Sova Assessment शायद आपके डेटा को तृतीय पक्षों के साथ और निम्नलिखित उद्देश्य हेतु साझा कर सकता है:

### Sova Assessment की सहायक कंपनियां

- शोध और विकास के उद्देश्य हेतु हमारी किन्हीं भी सहायक कंपनियों के साथ, उदाहरण के तौर पर, साइकोमेट्रिक मानदंड और वैधता का डेटा प्रस्तुत करने के लिए एवं/अथवा हमारी साइकोमेट्रिक नियमावलियों को तैयार करने में मदद के तौर पर। इस मामले में, डेटा को केवल गुमनाम और समुच्चयित रूप से साझा किया जाता है।

### तृतीय पक्ष (उप-प्रोसेसरों के रूप में काम करते हुए)

- वह सहयोगी जो हमारी ओर से सेवाएं प्रदान करते हैं ताकि हम Sova Assessment के साधन (और संबंधित सेवाएं) प्रदान कर सकें।

- वह आपूर्तिकर्ता जो हमें IT (आएटी), सिस्टम प्रशासन और प्लेटफॉर्म सेवाएं प्रदान करते हैं और साथ ही वह आपूर्तिकर्ता जो हमें हमारे द्वारा प्रदान की गई सेवाओं से संबंधित अन्य सेवाएं प्रदान करते हैं।

डेटा सुरक्षा कानून की आवश्यकतानुसार, निजी डेटा को साझा करने का कोई भी कार्य निम्नानुसार उचित गोपनीयता के दायित्वों और सुरक्षा उपायों के अधीन रहेगा।



© SOVA 2020

- डेटा सुरक्षा के मामले में तृतीय पक्ष के सम्यक उद्यम को सुनिश्चित करने के लिए प्रासंगिक संविदागत शर्तें लागू रहेंगीं।
- उचित सुरक्षा उपायों को अपनाया जा रहा है यह सुनिश्चित करने के लिए तृतीय पक्ष की प्रक्रियाओं की जांच की जाती है।

## 11. डेटा का अंतर्राष्ट्रीय स्थानांतरण

जिन स्थितियों में निजी डेटा को यूके (UK) और ईईए (EEA) (जिसके अंतर्गत सभी ईयू (EU) के देश और साथ ही आइसलैंड, लिचेंस्टीन और नॉर्वे शामिल है) के बाहर स्थानांतरित किया जाता है वहाँ हम सभी यथोचित सुरक्षा उपायों को अपनाते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जीडीपीआर (GDPR) द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा हमेशा डेटा पर लागू हो और आपके डेटा को सुरक्षित रूप से और इस गोपनीयता नोटिस और डेटा सुरक्षा कानून की सभी आवश्यकताओं के अनुसार सहेजा जाए। इसका यह मतलब है कि विदेश में डेटा निर्यात करने के समय, हम सुनिश्चित करेंगे कि निम्नलिखित उपायों में से एक का पालन किया जाए:

- गैर-यूके (non-UK)/गैर-ईयू (non-EU) देश की सुरक्षाओं को ईयू (EU) के द्वारा पर्याप्त माना जाता है।
- डेटा सुरक्षा के मामले में तृतीय पक्ष के सम्यक उद्यम को सुनिश्चित करने के लिए प्रासंगिक संविदागत शर्तें कार्यान्वयन में हैं।
- उचित सुरक्षा उपाय अपनाए जा रहे हैं यह सुनिश्चित करने के लिए तृतीय पक्ष की प्रक्रियाओं की जांच की जाती है।
- स्थानांतरण के विशेष आधार (सीमाएं) जैसे कि व्यक्ति की सहमति लेना इस परिस्थिति पर लागू हैं।

## 12. अवधारण अवधि

क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिसके साथ आप जुड़े हैं) के साथ हुई सम्मति के अनुसार Sova Assessment उतने लंबे समय तक निजी डेटा को प्रोसेस करेगा जितना डेटा को संग्रह करने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए जरूरी है। अधिक जानकारी के लिए कृपया क्लाइंट संगठन की गोपनीयता का नोटिस देखें।

यदि न क्लाइंट संगठन के द्वारा Sova को अन्यथा कोई और निर्देश दिए जाएं, Sova के सिस्टमों में सभी उम्मीदवारों के संगृहीत निजी डेटा को जमा किए जाने के बाद उसे बेनाम रूप से Sova के उद्देश्य हेतु



© SOVA 2020

6 महीनों के लिए सहेजा जाएगा और निजी-डेटा की गुमनामी को हटाने के लिए क्लाइंट संगठन को एक 'डिजिटल कुंजी' दी जाएगी। इसके पश्चात डिजिटल कुंजी को Sova के सिस्टमों से स्थायी रूप से मिटा दिया जाएगा।

बेनाम किए जाने के बाद, डेट को शायद Sova के द्वारा नए मानदंड विकसित करने और Sova के सॉफ्टवेयर और सेवाओं को विकसित करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। Sova शायद अनिश्चित काल के लिए इस बेनाम डेटा का उपयोग कर सकता है।

अगर आपको विशेष अवधारण अवधियों के बारे में अधिक जानकारी चाहिए तो कृपया हमसे संपर्क करें (आप हमसे कैसे संपर्क कर सकते हैं, वह जानने के लिए भाग 4.2 देखें)।

## 13. स्वचालित निर्णयन

स्वचालित निर्णयन का मतलब है आपके बारे में निर्णय लेने की क्रिया जिसमें कोई मनुष्य शामिल नहीं है। हमारे क्लाइंट (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिससे आप जुड़े हैं) की ओर से Sova द्वारा आपको प्रदान किए गए प्रोडक्ट्स और सेवाओं को आम तौर पर भर्ती या विकास की प्रक्रिया में एकल रूप से उपयोग नहीं किया जाता है, बल्कि उनका उपयोग इसलिए किया जाता है ताकि नियोक्ताओं को सटीक और सुविज्ञ निर्णय लेने में मदद मिले।

जहाँ कोई क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिससे आप जुड़े हैं) Sova Assessment के साधनों को इस प्रकार से उपयोग करता है कि आपके बारे में लिया गया निर्णय केवल Sova Assessment साधनों के साथ आपके इंटरेक्शन पर आधारित है वहाँ, ऐसा केवल तभी मान्य होगा अगर ऐसा करना आपके और क्लाइंट संगठन के बीच के अनुबंध में प्रवेश करने, या उसके कार्यान्वयन के लिए ज़रूरी है या इसका आधार स्पष्ट रूप से आपके द्वारा दी गई सहमति हो सकती है। ऐसे मामलों में, डेटा सुरक्षा कानून के तहत आपके पास इस प्रकार के प्रोसेसिंग के बारे में कई अधिकार हैं, जिसमें शामिल है अपनी आपत्ति ज़ाहिर करने का अधिकार, क्लाइंट संगठन की ओर से मानवीय हस्तक्षेप प्राप्त करने का अधिकार ताकि आप अपना नज़रिया पेश कर सकें और निर्णय का प्रतिरोध कर सकें। अगर इस परिस्थिति में स्वचालित निर्णयन के उपयोग के बारे में आपके कोई सवाल हैं तो कृपया क्लाइंट संगठन (वह नियोक्ता/भावी नियोक्ता जिससे आप जुड़े हैं) से संपर्क करें।

## 14. हम आपके डेटा को कैसे सुरक्षित रखते हैं

Sova Assessment आपके डेटा की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्ध है। डेटा प्रोसेसर होने के नाते, हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे द्वारा प्रोसेस या उपयोग किए गए निजी डेटा को भावी नुकसान, अनाधिकृत खुलासा या पहुँच से सुरक्षित रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। आपके डेटा की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए Sova Assessment निम्नलिखित सुरक्षा उपायों को अपनाता है।



© SOVA 2020

- आप जिस क्लाइंट संगठन से जुड़े हैं उससे अगर अन्यथा कोई और निर्देश न मिले तो Sova के सिस्टमों में जमा किए जाने के 6 महीने बाद उम्मीदवार के डेटा को अनाम कर दिया जाएगा (कृपया उक्त भाग 12 देखें)।
- निजी डेटा तक पहुँच केवल अधिकृत लोगों तक सीमित है।
- सुरक्षित एनक्रिप्शन नीतियां कार्यान्वयन में हैं।
- ISO 27001 प्रमाणन के सभी प्रावधान।

## 15. डेटा विषय होने के नाते आपके अधिकार

आपका निजी डेटा जब तक हमारे पास है और हम जब तक उसे प्रोसेस कर रहे हैं, तब तक किसी भी समय, आप, यानी कि डेटा के विषय, के पास निम्नलिखित अधिकार हैं:

- पहुँच का अधिकार – आपके पास यह अधिकार है कि आप हमसे आपके बारे में हमारे पास रखी जानकारी की एक प्रति का अनुरोध करें।
- संशोधन का अधिकार – आपके पास यह अधिकार है कि हमारे पास आपके बारे में मौजूद किसी भी ग़लत या अपूर्ण डेटा को आप सही करें।
- भुलाए जाने का अधिकार – कुछ परिस्थितियों में आप हमें कह सकते हैं कि हम आपके बारे में मौजूद डेटा को हमारे रिकॉर्ड से मिटा दें।
- प्रोसेसिंग को सीमित करने का अधिकार – जहाँ कुछ शर्तें लागू हों वहाँ आपके पास प्रोसेसिंग को सीमित करने का अधिकार है।
- सुवाह्यता का अधिकार – आपके पास यह अधिकार है कि कुछ परिस्थितियों में आप हमें आपके डेटा को किसी अन्य संगठन के पास स्थानांतरित करने को कह सकते हैं।
- आपत्ति ज़ाहिर करने का अधिकार – आपके पास यह अधिकार है कि आप कुछ तरह की प्रोसेसिंग के विरुद्ध अपनी आपत्ति व्यक्त कर सकते हैं जैसे कि डायरेक्ट मार्केटिंग।
- प्रोफाइलिंग सहित, स्वचालित प्रोसेसिंग के प्रति अपनी आपत्ति व्यक्त करने का अधिकार।
- न्यायिक समीक्षा का अधिकार: जहाँ हम पहुँच के अधिकार के तहत आपके अनुरोध को अस्वीकार करते हैं, वहाँ हम आपको उसका कारण बताएंगे। निम्नलिखित धारा 17 में उल्लिखित तथ्य के अनुसार आपके पास शिकायत करने का अधिकार है।



© SOVA 2020

निम्नलिखित ईमेल पते पर हमसे संपर्क करके आप अपने अधिकार का उपयोग कर सकते हैं - compliance@sovaassessment.com

सभी उक्त अनुरोधों को क्लाइंट संगठन के पास भेजा जाएगा, चूंकि वे ही डेटा नियंत्रक हैं, या उसे किसी तृतीय पक्ष के पास भी भेजा जा सकता है अगर आपके निजी डेटा के प्रोसेसिंग में वह शामिल हो (जैसे उक्त भाग 10 में उल्लेख किया गया है)।

## 16. परिवर्तन

समय-समय पर हम इस गोपनीयता के नोटिस को अद्यतन कर सकते हैं। किन्हीं भी नवीकरणों को हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

## 17. शिकायतें

अगर आप Sova Assessment (या उक्त भाग 10 में वर्णित तृतीय पक्ष) द्वारा आपके निजी डेटा को प्रोसेस करने के तरीके के बारे में, या आपकी शिकायत को संभालने के तरीके के बारे में शिकायत करना चाहते हैं तो आपके पास यह अधिकार है कि आप सीधे पर्यवेक्षी प्राधिकरण और Sova Assessment के डेटा सुरक्षा प्रतिनिधियों के पास अपनी शिकायत को दर्ज कर सकते हैं।

अपने डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसर (डीपीओ) की भूमिका में काम करने के लिए Sova Assessment ने GRCI लॉ की संविदागत सेवाएं नियुक्त की हैं। तदनुसार, जहाँ आवश्यक हो वहाँ Sova Assessment, DPO से सलाह, मार्गदर्शन और इनपुट लेगा।

इनमें से प्रत्येक संपर्क का विवरण निम्नानुसार है:

| **संपर्क का नाम** | **पर्यवेक्षी प्राधिकरण** | **डेटा सुरक्षा अधिकारी** |
|---|---|---|
| पता पंक्ति 1: | UK Information Commissioner's Office (ICO | GRCI Law |
| पता पंक्ति 2: | Wycliffe House, Water Lane | GRC International Group Plc<br><br>Unit 3, Clive Court |
| पता पंक्ति 3: | Wilmslow | Bartholomew's Walk<br><br>Cambridgeshire Business Park |



© SOVA 2020

| | | |
|---|---|---|
| पता पंक्ति 4: | Cheshire | Ely<br><br>Cambridgeshire |
| पोस्टकोड: | SK9 5AF | CB7 4EA |
| ईमेल: | casework@ico.org.uk | compliance@sovaassessment.com |

## परिवर्तन इतिहास का रिकॉर्ड

पिछली बार 24 मई 2021 को अपडेट किया गया था, संस्करण 2.1



© SOVA 2020